हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 सितंबर 2025

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

06 जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने जारी किए नोटिस ...



07 सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का...



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोनिया मीना की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों/पर्वों के दृष्टिगत जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 16 सितम्बर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी राजीव रंजन पांडे ने सर्व संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आवश्यक जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### निर्माण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक नर्मदापुरम की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक निधि से 01 निर्माण कार्य के लिए कुल 3 लाख 15 हजार 754 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर 1 निर्माण कार्य नर्मदापुरम नगर के वार्ड क्रं. 32 में खजूर वाले मार्ग में कब्रिस्तान से शंकर मंदिर तक 10 विद्युत पोल स्थापना कार्य के लिए 03 लाख 15 हजार 754 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### कलेक्टर ने जिले में खाद वितरण एवं मूंग उपार्जन के शेष भुगतान की समीक्षा की

# खाद की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए बनाएं उचित रणनीति : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

सोमवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले में खाद वितरण एवं किसानों को उपार्जित मूंग के शेष भुगतान की स्थिती के संबंध में कलेक्टर द्वारा विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई।

इस दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में किसानों को खाद के सुचारू वितरण के संबंध में सूचना का प्रवाह इस तरह सुनिश्चित करें कि आधार स्तर तक प्रत्येक किसान को वितरण की सटीक सूचना मिले जिससे किसी भी प्रकार की भ्रमित करने जेसी स्थिति न बने और किसान सुगमतापूर्वक खाद का उठाव समिति अथवा गोदाम से कर सके बैठक के दौरान अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे सहित अधिकारी शामिल रहे।

**सोमवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने अधिकारियों से जिले में खाद वितरण व्यवस्था पर बैठक आयोजित की जिसमें उन्होंने व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।**



### डबल लॉक गोदामों में खाद का भंडारण कराएं

कलेक्टर ने कहा कि आने वाले सप्ताह में जिले को खाद की रैक प्राप्त होने वाली है। जिससे जिले में डबल लॉक गोदाम एवं समितियां में खाद का भंडारण करवाया जाएगा। इसके लिए मार्कफेड, कृषि विभाग एवं समितियां किसानों को त्वरित गति से वितरण करवाए जाने की समस्त व्यवस्थाएं पूर्व नियोजित कर लें। कलेक्टर ने सहकारिता विभाग एवं डीआरसीएस को निर्देशित किया की समितियां के माध्यम से किसानों को किए जाने वाले खाद वितरण की जानकारी स्थानीय स्तर पर पर्याप्त रूप से प्रसारित की जाए।

### भुगतान में विलंब पर जताई नाराजगी

मूंग उपार्जन के किसानों को भुगतान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शेष भुगतान के लिए की जा रही आवश्यक कार्यवाहियों में विलंब के लिए नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की वेयरहाउस स्तर से स्वीकृति पत्रक एवं डब्ल्यूएचआर जारी किए जाने की शेष कार्रवाई शीघ्र पूरी की जाए। भुगतान प्रक्रिया में किसी भी विभाग द्वारा लापरवाही ना बरती जाए अन्यथा संबधित अधिकारी पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए की मूंग भुगतान से संबंधित समस्त कार्यवाही इसी सप्ताह पूरी कर ली जाए। बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि मूंग भुगतान के अनुमानित 1790 करोड़ में से 1470 करोड़ रुपए का भुगतान सफलतापूर्वक किसानों को किया जा चुका है तथा 100 करोड़ रुपए का भुगतान बैंको को भेजा गया है। शेष भुगतान में से लगभग 200 करोड़ के ईपीओ बनकर तैयार हो चुके हैं एवं बाकी की भुगतान राशि भी स्वीकृति पत्रक तैयार होने के पश्चात किसानों के बैंक खातों में पहुंचाने की कार्यवाही कर दी जाएगी।

### खाद की कालाबाजारी पर लगाएं अंकुश

कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की अधिकारी कालाबाजारी पर गंभीरता से अंकुश लगाए। उन्होंने निर्देश दिए की उचित रणनीति बनाकर कालाबाजारी करने वालों के ऊपर ठोस कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र अंतर्गत निजी खाद विक्रेताओं के पास खाद की शेष उपलब्धता की निरंतर मॉनिटरिंग करें तथा उपलब्धता के अनुसार वितरण भी सुनिश्चित करवाए। कलेक्टर निर्देश ने दिए की निजी खाद विक्रेताओं द्वारा किए जा रहे खाद विक्रय पर निरंतर नजर बनाए रखें।

# भारत-पाक क्रिकेट मैच का नर्मदापुरम हुआ जमकर विरोध

**युवाओं ने लगाए नारे, एलईडी तोड़ी, लहराए झंडे**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

एशिया कप में भारत और पाकिस्तान की टीमें हमलों के बाद पहली बार आमने-सामने हुईं। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। नर्मदापुरम शहर में जीत के बाद भी जश्न का माहौल नहीं दिखा। रोजाना लोगों से भरे रहने वाले सतरस्ता, जय स्तंभ चौक और मीनाक्षी चौक पर सन्नाटा छाया रहा। रात 11:25 से 11:45 बजे के बीच भी मुश्किल से कुछ लोग ही नजर आए। लोगों ने जीत का जश्न न मनाकर मौन रहकर विरोध किया।

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला और 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहला भारत-पाक मैच था। शहर के लोगों ने नाराजगी जताई कि बीसीसीआई ने पाकिस्तान जैसी आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने वाले देश के साथ क्रिकेट क्यों खेला।

### लोग दिखे नाराज

लोगों का कहना था कि निर्दोष भारतीयों की जान क्रिकेट से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। जश्न मनाने के बजाय लोगों ने इस निर्णय का विरोध किया। मैच शुरू होने से पहले टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे पर नर्मदांचल यूथ क्लब ने प्रदर्शन किया। युवाओं ने पाकिस्तान का झंडा सड़क पर बिछाकर और एलईडी टीवी तोड़कर विरोध जताया। नारे लगाए गए। इस दौरान सैंकड़ों युवाओं और खेल प्रशंसकों ने शामिल होकर विरोध जताया।

# शहर की होनहार बिटिया सुरभि को मिली डाक्ट्रेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम



सुरभि भट्ट ने पी.एच. डी. की उपाधि प्राप्त कीसुरभि भट्ट पिता सतीश चंद्र भट्टको गणित विषय से बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के द्वारा अपना शोध कार्य पर पी एच डी उपाधी प्रदान की गयी। उन्होंने प्रोफेसर डॉ. रश्मि तिवारी एवं डॉ. कमल वाधवा के मार्गदर्शन में शोध केंद्र शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम से पूर्ण किया ।सुरभि के पिता सतीश चंद्र भट्ट जिला शिक्षा अधिकरी कार्यालय में मुख्य लिपिक के पद पर पदस्थ है।उन्होने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता सतीश चंद्र भट्ट एवं माता श्रद्धा भट्ट क़ो दिया।

उपाधि प्राप्त करने पर परिवार के सदस्यों ज्योति तिवारी, प्रशांत तिवारी, जिया तिवारी, प्रियंका राय, रीनू वर्मा एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों , कर्मचारियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# गड्ढे के पानी में जहरीला पदार्थ मिलाने से हुई 7 जानवरों की मौत, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के मोहासा क्षेत्र में रविवार दोपहर एक पानी के गड्ढे में जहरीला पदार्थ मिलाने से 4 भेड़, 2 गौवंश और 1 बकरे की मौत हो गई। फरियादी देवा रब्बारी (कच्छ, भुज, गुजरात) ने मामले की शिकायत की। पुलिस ने रात 8.30 बजे सांगाखेड़ा कला के दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया। आरोपी जगदीश केवट को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया, जबकि छोटू केवट की तलाश जारी है।

एसआई अशोक बरबड़े ने बताया कि फरियादी का डेरा सोलर पैनल फैक्ट्री के पास है। जगदीश और छोटू केवट ने गड्ढे में जहरीला पदार्थ मिलाया। रविवार को गड्ढे का पानी पीने से चार भेड़ और एक बकरे की तड़पकर मौत हो गई। साथ ही दो गौवंश भी पानी पीने से मारे गए।



भेड़-बकरी और गौवंश का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। दोनों आरोपी मवेशी पालन का कार्य भी करते हैं। छोटू केवट की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है।

# उर्स के मुबारक मौके पर शहर के प्रमुख मार्गों से धूमधाम से निकाला रिवायती संदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

हज़रत कलमे शाह दाता सरकार के उर्स के मुबारक मौके पर रिवायती संदल शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकला शाही संदल दाता दरबार से निकलकर नेहरू पार्क सय्यद सरकार पर चादरपोशी करते हुए सतरसता , जयस्तम्ब सराफा, फ़ाज़लि मंज़लि होता हुआ वापस दाता दरबार पहुंचा इस दौरान नागपुर के मशहूर क़व्वालो ने अपने कलामो से ज़ोरदार समा बाँधा और शहर की आवाम ने शरीके महफ़लि होकर फैज़ हासिल किया मगरिब की नामज़ के वक़्त संदल शरीफ दाता दरबार मे पेश किया गया इसके पश्चात कमेटी की जानिब से लंगर का वितरण हुआ कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से दाता दरबार कमेटी के रफीक बाबा, बिट्टू बाबा, अशफ़ाक़ भाई , सलीम खान, फैज़ान उल हक़ , गुलाम हैदर, यूसुफ़ खान, गुलाम मुस्तफ़ा, शाकिर खान, शेरू बाबा , आक़ीब बाबा , अलमास खान , आदि उपस्तिथ रहे।



# किसान समस्या को लेकर भाकिसं ने किया विरोध प्रदर्शन

**भाकिसं ने दी चेतावनी, प्रशासन ने शीघ्र नहीं किया समस्या का समाधान तो होगा जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम



भारतीय किसान संघभारतीय किसान संघ का प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन कार्यक्रम पीपल चौक में आयोजित हुआ। जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह राजपूत नें बताया कि प्रदेशभर के जिले में धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन देने की प्रादेशिक योजना थी, भारतीय किसान संघ किसानों की समस्याओं से अवगत कराकर निराकरण की मांग हैतु जिलाधीश महोदया को ज्ञापन देना चाह रहा था किंतु कलेक्टर महोदया के पास किसानों के लिए समय नहीं होनें के कारण वे ज्ञापन लेनें उपस्थित नहीं हुई भारतीय किसान संघ नें ज्ञापन कार्यक्रम स्थगित करके आगामी आंदोलन की चेतावनी दी है । भारतीय किसान संघ नें किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

### संघ ने बताई समस्याएं

इस दौरान भाकिसं ने शासन से मांग की कि वर्तमान में किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है, प्रशासन द्वारा किसानों से सामंजस्य बनाकर खाद का वितरण करे, एवं पर्याप्त खाद का भंडारण करके वितरण करें, आगामी रबी सीजन के पूर्व खाद की प्रशासन व्यवस्था करें साथ ही किसानों को सिंचाई हेतु 10 घंटे पर्याप्त बिजली प्रदान करें ताकि फसलों का उत्पादन करनें में कठिनाई न हो । संघ ने कहा कि किसानों के खेत में पहुंचनें के गोहे के मार्गों का सीमांकन करके निर्माण करे । वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ किसानों को मिले, एवं वर्तमान में जो बीमा वितरण हुआ है उसका पुनर्मूल्यांकन करके पुनः वितरण किया जावे आदि शामिल हैं।

संघ ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान संघ जिलास्तर पर बड़ा आंदोलन करेगा। धरना प्रदर्शन में भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामभरोस बसोतिया, नरेन्द्र दोगनें संभागीय अध्यक्ष विनोद पाटिल, मनमोहन व्यास,जिलाध्यक्ष ओमकार राजपूत, मंत्री शंकरसिंह पटैल, सहमंत्री रजत दुबे, संतौष लोवंशी,देवेन्द्र पटैल मंगलसिंह राजपूत,गुलाब सिंह आदि शमिल रहे।

# दिन भर रही गर्मी और उमस, शाम होते ही हुई झमाझम बारिश, लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

इन दिनों मौसम पल पल रंग बदल रहा है। कभी तेज धूप से लोग परेशान होते हैं वहीं कुछ देर बाद जोरदार बारिश लोगों को भिगो जाती है। जिले में सोमवार शाम को हुई बारिश ने शहर की सड़कों को फिर लबालब कर दिया। करीब एक घंटे तक रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा।



जिले में 1282.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1197.8 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 14 सितम्बर से 15 सितम्बर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 0.0 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 22.0 मिलीमीटर, इटारसी 6.8 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 3.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 9.2 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 11.8 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 941.30 फीट है, तवा जलाशय का 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का 422.40 मीटर एवं बारना जलाशय 348.52 मीटर दर्ज किया गया है।

### सिंचाई जल की बकाया राशि जमा करने पर होगा ब्याज माफ

**नर्मदापुरम।** जल संसाधन विभाग की राज्यश्री कटारे ने बताया कि जल संसाधन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल ने 1 अप्रैल, 2025 तक की कुल बकाया जलकर राशि एकमुश्त जमा करने की सुविधा प्रदान की है। यदि किसान उनके बकाया सिंचाई जल की मूल राशि एकमुश्त 31 मार्च, 2026 तक जमा करते हैं, तो अधिरोपित शास्ति (दांडिक ब्याज) की राशि माफ की जाएगी। यह जानकारी देते हुए कार्यपालन यंत्री तवा नहर संभाग, राज्यश्री कटारे इस संबंध में तवा नहर संभाग सिवनी मालवा के कमांड क्षेत्र में आने वाले समस्त किसानों से अनुरोध किया है कि 1 अप्रैल, 2025 तक की कुल बकाया जलकर राशि 31 मार्च, 2026 तक या उससे पूर्व करें। ताकि जिले के अधिक से अधिक कृषक ब्याज माफी का लाभ प्राप्त कर सके।

# मिशन कर्मयोगी अंतर्गत हुआ कर्मचारियों का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

भारत शासन द्वारा मिशन कर्मयोगी के तहत एक ऑनलाईन प्लेटफार्म तैयार किया गया है जिसमें व्यक्ति विकास, तकनीकी कौशल, वित्तीय प्रबंधन, दैनिक दिनचर्या के साथ-साथ शासकीय योजनाओं, अभियानों आदि का डिजिटल प्रस्तुतीकरण दिया गया है। उक्त पोर्टल जिसे के नाम से लॉगिन किया जा सकता है। इस पोर्टल पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। सीईओ जिला पंचायत श्री रावत द्वारा अधिकारियों को उनकी रूचि के अनुसार कोर्स करने हेतु प्रेरित किया गया था जिसके परिणाम स्वरूप अधिकारियों द्वारा न केवल कोर्स किये गये बल्कि आपस में उक्त ज्ञान को साझा भी किया गया।

### इंजीनियर्स डे नपा में आयोजित हुआ इंजीनियर्स का सम्मान कार्यक्रम

# इंजीनियर्स अर्थ मूवर्स होते हैं, एक साधारण से स्थानों को अपनी इंजीनिरिंग की मदद से उसे आकर्षक बनाते हैं : नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

इंजीनियर्स अर्थ मूवर्स होते हैं। एक साधारण से स्थानों को अपनी इंजीनिरिंग की मदद से एक बेहतरीन लुक देकर उसे आकर्षक बनाने में हमारे इंजीनियर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऊंची बिल्डिंग हो या इंटीरियर डिजाइन, सड़क हो या बड़े-बड़े बांध या फिर बड़े बड़े पुल, गगन चुंबी इमारतें हो जिनकी आम व्यक्ति कल्पना भी नहीं कर सकते हैं उन्हें वे अपनी इंजीनियर्स की मदद से साकार कर अचंभित देते हैं। यह उदगार आज नगरपालिका में प्रसिद्ध इंजीनियर सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर आयोजित इंजीनियर डे के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा व्यक्त किए गए। श्रीमती यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बने जम्मू कश्मीर के दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल और मुंबई के अंडर वाटर टनल इंजीनिरिंग के सबसे महत्वपूर्ण उदाहरण हैं।



इस अवसर पर नगरपालिका में कार्यरत सभी इंजीनियर्स और निजी तौर पर कार्य रहे नगर के समस्त इंजीनियर्स को शुभकामनाएं दीं। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा उपयंत्री् रप्रभारी सहायक यंत्री अजीत तिवारी, अंबक पाराशर, दीक्षा तिवारी, रीना गुप्ता और आयुषी रिछारिया को पुष्प माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नपा उपाध्यक्ष अशोक कुशराम, पूर्व पार्षद तेजकुमार गौर, पार्षद गुड्डा ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पखवाड़ा कल से होगा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितम्बर को धार जिले से स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तरीय जनपद पंचायत प्रांगण नर्मदापुरम, ब्लॉक स्तरीय सीएचसी-पीएचसी एवं ग्राम स्तर पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन शामिल होंगे। इस अवसर पर रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया जाएगा तथा जिला अस्पताल परिसर में विशेष महिला स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। शिविर में असंचारी रोग, प्रसव पूर्व जांच, नेत्र परीक्षण, एनीमिया, कैंसर, सिकल सेल सहित अन्य बीमारियों की जांच चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी। पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा लेबोरेटरी, रेडियोग्राफी, ईसीजी सहित अन्य सभी परीक्षण भी किए जाएंगे। गर्भवती माताओं का टीडी टीकाकरण कर उसकी प्रविष्टि ऑनलाइन यूविन पोर्टल पर की जाएगी। इस अभियान को लेकर सोमवार को सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, सिविल सर्जन, आरएमओ, जिला कुष्ठ अधिकारी, जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम, डीसीएम, रेडक्रॉस सोसायटी एवं जनपद पंचायत नर्मदापुरम के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी संबंधितों की जिम्मेदारी तय कर कार्य आदेश जारी किए गए। ब्लॉक स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, पीएचसी एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में महिलाओं की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आर्थिक तंगी से परेशान होकर मजदूर ने खाया जहर, मौत



**बैतूल।** रानीपुर थाना क्षेत्र के खमालपुर गांव में रविवार को एक मजदूर ने आर्थिक तंगी से परेशान होकर जहर खा लिया। मजदूर की पहचान 31 वर्षीय मजदूर शुक्कन अखण्डे के रूप में हुई है। इस घटना से परिवार और गांव में मातम पसर गया है। सुबह के समय जब परिवार के अन्य सदस्य खेत गए थे, तब शुक्कन घर पर अकेला था। इसी दौरान उसने जहर खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी घर लौटी, तो उसने शुक्कन को उल्टियां करते हुए देखा। घबरा के परिजनों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आईसीयू में भर्ती किया, लेकिन इलाज के दौरान शाम तक उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि शुक्कन लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। मजदूरी कर वह किसी तरह अपने परिवार का गुजारा कर रहा था, लेकिन हालात दिनों-दिन बिगड़ते जा रहे थे। इसी तनाव के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने मामले की जांच शुरू की। चौकी प्रभारी जयपाल रघुवंशी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है और मर्ग डायरी रानीपुर पुलिस को भेज दी गई है।

### दुर्गा उत्सव, दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक कल

**सारनी।** आगामी दुर्गा उत्सव व दशहरा पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति समिति की बैठक थाना सारनी में आज 16 सितंबर मंगलवार को शाम 5 बजे आयोजित की जाएगी। यह बैठक नगर में होने वाले महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से मनाने हेतु महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक में प्रशासन के समस्त वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय पत्रकार बंधु, गणमान्य नागरिक, साथ ही दुर्गा प्रतिमा स्थापना करने वाली समितियों के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सामुदायिक भण्डारे एवं आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था पर विशेष चर्चा की जाएगी।

### तीन दिन से लापता शहनाई वादक का शव तालाब में मिला

**बैतूल।** कोतवाली थाना इलाके के खेड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र में शुक्रवार से लापता एक व्यक्ति का शव तीन दिन बाद तालाब में मिला। मृतक की पहचान 50 साल के राजू चौहान के रूप में हुई है। वह मानसिक रूप से कमजोर था और बाजा बजाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। जानकारी के अनुसार, राजू चौहान शुक्रवार को घर से घूमने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। रविवार शाम करीब छह बजे खेड़ी तालाब में उसका शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद शव को बाहर निकाला गया।

### 6 लाख से अधिक की आमदनी, कंपनी संचालक और जीएसटी भरने वाले भी ले रहे राशन

# जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने जारी किए नोटिस संतोषजनक जवाब नहीं तो कटेंगे नाम

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

ईकेवाईसी होने के बाद उन लोगों की सूची तैयार की थी, जिनकी 6 लाख रुपए से अधिक की आमदनी है या फिर ये लोग कंपनी संचालक तो कोई जीएसटी भर रहे हैं, लेकिन इनके नाम से भी राशन पर्ची जारी हो रही है। अब इन सभी लोगों को नोटिस जारी किए हैं। इन्हें जबाव देना होगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर इनके नाम राशन पर्ची से हटा दिए जायेगे। दरअसल आयकर और जीएसटी विभाग की संयुक्त जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि जिले में हजारों ऐसे लोग बीपीएल और एएवाई कार्डधारी बने बैठे हैं, जिनकी आय लाखों में है या जिनका कारोबार करोड़ों का है। यह लोग गरीबों के हिस्से का राशन ले रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक जिले में करीब 3,657 उपभोक्ता यह राशन ले रहे हैं। बता दे कि पात्र लोगों को ही पात्रता पर्ची से खाद्यान्न मिले, इसके लिए ईकेवाईसी कराई गई थी। क्योंकि बड़ी संख्या में लोग ऐसे हैं जो अपात्र होते हुए भी राशन ले रहे हैं। इन लोगों को चिन्हित करने उनकी सूची तैयार की गई। इसके लिए अभी शुरू में 3 कैटेगरी तैयार की गई है, जो निर्धारित पात्रता श्रेणी में नहीं आते हैं।

### 3657 लोगों में यह है शामिल

रिपोर्ट के मुताबिक जिले में करीब 3,657 उपभोक्ता ऐसे है जो राशन ले रहे हैं। इनमें 510 कंपनी डायरेक्टर, हेडमास्टर, सरकारी कर्मचारी और बड़े कारोबारी शामिल हैं। 3,118 परिवार ऐसे हैं जिनकी वार्षिक आय 6 लाख से अधिक है, फिर भी ये बीपीएल कार्डधारक हैं। इतना ही नहीं, 29 परिवार ऐसे हैं जिनका कारोबार 25 लाख से अधिक टर्नओवर का है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि 510 से अधिक कंपनी डायरेक्टर करोड़ों का बिजनेस करने के बावजूद वह प्रतिमाह राशन ले रहे थे। अब इन लोगों को नोटिस जारी किये गये है। नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर इनके नाम काटे जायेगे।



### ईकेवायसी नहीं कराने वालों को नहीं मिल रहा खाद्यान्न

जिले में कुल 12,53,127 हितग्राही सदस्य हैं। इनमें से 11,55,269 (92 प्रतिशत) की ई-केवाईसी हो चुकी है, जबकि करीब 60 हजार लोगों की ई-केवाईसी होना शेष है। जिनकी ई-केवायसी नहीं हुई है, उन्हें खाद्यान्न नहीं मिल रहा है। विभाग का कहना है कि जिनकी ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है, उनके खाद्यान्न का आवंटन शासन स्तर से सीधे जारी हो रहा है। शेष का सत्यापन पूरा होने के बाद ही पीओएस मशीन पर उनका राशन कार्ड सक्रिय रहेगा। बता दे कि सरकार ने राशन उपभोक्ताओं को ई-केवायसी कराना अनिवार्य किया है। जिनकी ई-केवायसी नहीं है, उनका खाद्यान्न रोक दिया गया है।

### 3 हजार से अधिक लोगों को जारी किये नोटिस

प्रदेश सरकार को यह सूची आयकर विभाग ने भेजी थी। सरकार ने इसे खाद्य विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया है। इसके बाद जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। फर्जी कार्डधारकों के नाम काटने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और अब तक 3,000 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। विभाग का कहना है कि जिन लोगों के खिलाफ जांच में गड़बड़ी पाई गई है, उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। हितग्राहियों का जवाब आने के बाद पोर्टल से विलोपन की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने सभी लोगों के नाम नोटिस जारी कर दिये है और जांच चल रही है।

### सिर्फ इन्हें ही राशन पर्ची की पात्रता

जानकारी के अनुसार राशन की नवीन पर्ची के लिए 29 कैटेगरी अंत्योदय अन्न परिवार, बीपीएल परिवार, वन अधिकार पट्टेधारी, भूमिहीन कोटवार, मप्र में निवासरत अनुसूचित और अनुसूचित जनजाति परिवार जो शासकीय सेवारत या आयकर दाता न हो, संनिर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत आने वाले श्रमिक, बंद पड़ी मिलों के पूर्व नियोजित श्रमिक, बीड़ी श्रमिक, भूमिहीन खेतीहर मजदूर, रिक्शाचालक, ठेलाचालक, फेरी वाले, शहरी घरेलू कामकाजी कर्मी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राही, विकलांग, वृद्धाश्रम में रहने वाले, दिव्यांग जन 40 फीसदी से अधिक निशक्तता संबंधी, कुली, हम्माल और तुलावटी, बुनकर और शिल्पी, एचआईबी संक्रमित, मुछआरे, व्यवसायिक वाहन चालक, परिचालक, घुमक्कड़, केश शिल्पी, अन्य वंचित वर्ग, कुष्ठ रोग पीड़ित, ट्रांसजेडर और कोविड बाल कल्याण योजना शामिल हैं।

### इस तरह की हैं तीन कैटेगरी

(1) जिन लोगों की आय 6 लाख से अधिक है उनके नाम भी इस सूची में जारी किए गए है। इनकी संख्या 3,118 है। अभी ये सभी पात्रता पर्ची ले रहे हैं।

(2) कुछ ऐसे लोग हैं जिनकी अपनी कंपनी है। इसके बाद भी इनके नाम पात्रता सूची में शामिल हैं। ऐसे कंपनी डायरेक्टरों की संख्या 510 है।

(3) कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनका व्यवसाय 25 लाख से अधिक का है और वह जीएसटी का भुगतान भी करते हैं। ऐसे लोगों की संख्या 29 है।

### कार्रवाई की जाएगी

आयकर विभाग से प्रदेश सरकार को एक सूची भेजी थी। जिनमें अपात्र लोगों द्वारा गरीबों को मिलने वाला नि:शुल्क खाद्यान्न लिया जा रहा था। सूची के आधार पर अभी तक 3 हजार से अधिक लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। हितग्राहियों का जवाब आने पर जांच उपरांत पोर्टल से विलोपन की कार्रवाई की जाएगी।

- **केके टेकाम,** जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी बैतूल

### कैट के प्रदेश पदाधिकारियों की बैतूल में बैठक संपन्न



**बैतूल।** विगत दिनों व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन कैट के प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मेलन बैतूल में सम्पन्न हुआ था। इस ऐतिहासिक सफल आयोजन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित प्रदेश के पदाधिकारी शामिल हुए, उन्होंने कैट बैतूल की टीम को व्यवस्थित सफल आयोजन के लिए मुक्त कंठ से प्रशंसा कर बधाई दी। पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु कैट को जिला उद्योग संघ ने बहुउद्देशीय एक गरिमामय कार्यक्रम व सहभोज आयोजित किया। कार्यक्रम अध्यक्षता उद्योग संघ अध्यक्ष ब्रजआशीष पांडे ने की। सम्मेलन में कैट के प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल, संभागीय अध्यक्ष मनजीतसिंह साहनी और जिलाध्यक्ष मनोज भार्गव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर उद्योग संघ की ओर से कैट टीम बैतूल का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते कैट प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल ने सम्मेलन में जीएसटी की विस्तृत जानकारी देते कहा कि उद्योग और व्यापार दोनों को साथ लेकर चलना होगा, तभी विकास संभव है। उन्होंने पूर्व में आयोजित कैट के प्रदेश पदाधिकारी सम्मेलन की समीक्षा करते हुए बैतूल कैट टीम की शानदार मेजबानी की प्रशंसा की और प्रदेश के पदाधिकारियों की ओर से कैट टीम बैतूल को बधाई दी। उद्योग संघ अध्यक्ष ब्रज आशीष पांडे ने कहा कि आगामी कुछ महीनों में औद्योगिक गतिविधियां तेजी से बढ़ेंगी और बैतूल के औद्योगिक क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। उन्होंने आह्वान किया कि सभी मिलकर बैतूल को औद्योगिक हब के रूप में आगे बढ़ाएं। जिलाध्यक्ष मनोज भार्गव ने कैट संगठन की विस्तार से जानकारी देते कहा कि कैट देशभर के 6 करोड़ व्यापारियों का विशाल संगठन है और बैतूल में भी यह संगठन हर व्यापारी के साथ खड़ा है। संभागीय अध्यक्ष मनजीत सिंह साहनी ने उद्योग संघ की उपलब्धियों पर बधाई देते कहा कि संगठन मजबूत नेतृत्व और सामूहिक सहयोग से ही आगे बढ़ते हैं।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने जिले में खुलेंगे 33 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर

**बैतूल।** जिले में प्राकृतिक खेती के लिए 33 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) खोले जाएंगे। यह पहल कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत की जा रही है। जिले में बनाए गए 50 नेचुरल फार्मिंग क्लस्टर के लिए अब प्रत्येक 3 क्लस्टर पर 2 बीआरसी स्थापित किए जाएंगे। इससे किसान सीधे अपने क्षेत्र में जैविक उर्वरक, गोबर, गोमूत्र और पौधों पर आधारित बीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत एवं निमास्त्र, ब्रम्हास्त्रिव सामग्री प्राप्त कर सकेंगे। कृषि विभाग परियोजना संचालक डॉ. आनन्द कुमार बडोनिया ने बताया कि जिले के विकासखंड बैतूल में 4, शाहपुर में 4, चिचोली में 3, घोडाडोंगरी में 3, आमला में 3, मुलताई में 3, प्रभात पटटन में 3, आठनेर में 3, भैसदेही में 4 और भीमपुर में 3 सेंटर खोले जाएंगे। इसके लिए स्थानीय कृषि उद्यमी, किसान उत्पाद संगठन, स्वयं सहायता समूह और प्राथमिक सेवा सहकारी समितियों को प्राथमिकता दी जाएगी। बीआरसी में किसानों को गोबर, गोमूत्र और पौधों पर आधारित जैविक सामग्री उपलब्ध होगी। इसके लिए स्थानीय गोशालाओं और समुदाय आधारित संगठनों के साथ साझेदारी भी की जाएगी। यदि क्लस्टर क्षेत्र में कोई संस्था या समूह उपलब्ध नहीं है, तो प्राकृतिक खेती करने वाले कृषि उद्यमी को चयनित किया जाएगा। इसके लिए 22 सितंबर तक आवेदन बुलाए गए है। इसके लिए संबंधित विकासखंड स्तिरीय ब्लॉजक टेक्नाईलॉजी मैनेजर से संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्तो कर सकते है।

## कारगिल चौक से बच्चा जेल चौक तक 7.89 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी 10 मीटर चौड़ी सड़क



**बैतूल।** कारगिल चौक से बच्चा जेल चौक तक 7.89 करोड़ की लागत से शीघ्र ही 10 मीटर चौड़ी सडक़ का निर्माण किया जाएगा। सोमवार को राजस्व और नगरपालिका अमले ने सडक़ निर्माण हेतु मार्किंग कार्य किया। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीएनसीपी अनुसार स्वीकृत सड़क की ही मार्किंग की जाए। साथ ही कहा कि जिन मकानों व प्रतिष्ठानों का निर्माण अतिक्रमण की श्रेणी में आता है, उन्हें नोटिस देकर हटाने की कार्यवाही की जाए। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मत्सेनिया ने बताया कि कारगिल चौक से बच्चा जेल चौक तक 10 मीटर चौड़ी सडक़ का निर्माण प्रस्तावित है।

### आंगनबाड़ी सहायिका को हटाया

## बच्चों को पागल कुत्ते का जूठा पानी पिलाने के मामले में बड़ी कार्रवाई

**आमला।** महिला एवं बाल विकास अधिकारी निर्मलसिंह ठाकुर ने बीसीघाट की आंगनवाड़ी सहायिका कृष्णी पति कैलाश यादव को पद से पृथक कर दिया है। उनके विरूद्ध ग्राम पंचायत कोठिया के सरपंच एवं ग्रामवासियों के द्वारा शिकायत की थी। जिसमें बताया था कि गत 2 अगस्त को आंगनवाडी सहायिका द्वारा पागल कुत्ता का जूठा पानी आंगनवाडी केंन्द्र में उपस्थित बच्चों को पिलाया गया एवं आंगनवाडी केंन्द्र में भी सहायिका कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरती जाती है। जिसके कारण बच्चों के माता पिता का कहना है कि अपने बच्चों को जब तक आंगनवाडी केंन्द्र नहीं भेजेगें, तब तक कि आंगनवाडी सहायिका को हटा नहीं दिया जाए। शिकायत के आधार पर पर्यवेक्षक पुष्पा खातरकर द्वारा की गई जांच में आंगनवाड़ी सहायिका का कर्तव्य के प्रति लापरवाही के विरूद्ध नोटिस जारी किया गया था। जिसका जवाब सहायिका द्वारा दिया गया था, जवाब की पुष्टि हेतु शिकायतकर्ताओं को दो सेक्टर पर्यवेक्षक के साथ आंगनवाडी केंन्द्र बिसीघाट में उपस्थित होकर, शिकयतकर्ता ग्रामवासीयों एवं आंगनवाडी सहायिका से शिकायत संबंधी चर्चा कर शिकायत की सत्यता की पुष्टि की गई है। शिकायत के संबंध में उपस्थित ग्रामवासियों के कथन लेकर लेखबद्ध किए गए, आंगनवाडी कार्यकर्ता अनीता काजले के भी कथन लिए गए थे, उक्त सभी कथनानुसार आंगनवाडी सहायिका कृष्णी यादव की निरन्तर कर्तव्य के प्रति लापरवाही परिलक्षित हुई।

## बाबा मठारदेव प्रांगण में संपन्न हुई मेहरा समाज की बैठक



**सारनी।** मेहरा डेहरिया समाज समिति बैतूल की जिला स्तरीय बैठक सारनी स्थित बाबा मठारदेव प्रांगण के मंगल भवन में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं भगवान बुद्ध के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात समिति के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों ने समाज की एकता, संगठन और शिक्षा पर जोर देते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। साथ ही ब्लॉक की नई बॉडी बनाने युवा प्रकोष्ठ महिला प्रकोष्ठ का गठन करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिलेभर से आए समाजबंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और बैठक को सफल बनाया। अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम प्रदेश सहकार्यवाहक अध्यक्ष अशोक नागले, प्रदेश उपाध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष सारनी किशोर बरदे , नगर पालिका अध्यक्ष आमला नितिन गडरे, जिला अध्यक्ष संतु सूर्यवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार नागले, पार्षद योगेश बर्डे, पीनटिश आनंद नागले, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश डेहरिया, सीएम बेले, शिव आदि रहे मौजूद।

## चिरापाटला में सड़क बनाने वाली कंपनी कर रही अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

चिचोली क्षेत्र के चिरापाटला में सडक़ बनाने वाले हरदा के ठेकेदार की कंपनी, एनजीटी की रोक के बावजूद रेत का अवैध खनन कर न सिर्फ सडक़ बनाने में इसका उपयोग कर रही, बल्कि रेत का स्टॉक भी डम्प कर रही है। इन स्थानीय रेत माफियों के पास इसकी कोई रॉयल्टी भी नहीं है। स्थानीय संवाददाता ने जब वहां के ग्रामीणों से इस संबंध में बात की, तो उन्होंने बताया कि हरदा-इंदौर हाईवे से चिरापाटला में अंदर की ओर बनाई जा रही सीसी रोड पर बल्हौर, निमिया क्षेत्र के नदी नालों से अवैध खनन कर निकाली जा रही रेत का बेजा इस्तेमाल सडक़ बनाने हेतु किया जा रहा है। चिचोली क्षेत्र के बल्हौर, निमिया गांव से होते हुए यह रेत ट्रैक्टर द्वारा चिरापाटला पहुंचाकर इसका इस्तेमाल सडक़ बनाने में किया जा रहा है। इस संबंध में जब जिले के रेत ठेकेदार परम डिस्ट्रीब्यूटर के प्रबंधक से, एनजीटी की रोक के बावजूद हो रहे अवैध खनन का पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा इन दिनों सिर्फ स्टॉक में रखी हुई रेत को ही बेचा जा रहा है। जिले के चिचोली क्षेत्र के चिरापाटला में और सारणी के चौपना बेल्ट में स्थानीय रेत माफिया द्वारा अवैध खनन कर चोरी से नदी-नालों से



रेत निकालकर क्षेत्रीय ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध रूप से यह रेत बेची जा रही है। हमने इस अवैध खनन की शिकायत जिला खनिज अधिकारी एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन से भी की है।

### उचित कार्रवाई करूंगा

इस मामले की शिकायत मेरे पास आई है। आज सारनी क्षेत्र में अवैध उत्खनन पर कार्यवाही में व्यस्त होने के कारण कल चिरापाटला में स्थल निरीक्षण करूंगा और विस्तृत जांच करवाकर उचित कार्वाई करुंगा।

- **मनीष पालेवार,** जिला खनिज अधिकारी बैतूल

## जिला अस्पताल का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

### निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन कर गुणवत्ता परखी



**बैतूल।** स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट सहित अस्पताल के सभी वार्डों में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की चूक न हो। यह निर्देश बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन और सभी अस्पताल के चिकित्सा स्टाफ को दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिला अस्पताल का भ्रमण कर महिला वार्ड, जनरल वार्ड, एसएनसीयू में व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य और अस्पताल में मिली सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर सेंटर का भी अवलोकन किया और फिनिशिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार को दिए। सीएमएचओ डॉ.मनोज हुरमाड़े ने कलेक्टर को बताया कि क्रिटिकल केयर सेंटर एक माह के भीतर पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा। उन्होंने अस्पताल में मरीजों के परिजनों के बैठने के लिए शेड की व्यवस्था भी किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने डिस्मेंटल किए गए टीबी वार्ड भवन का भी निरीक्षण किया और यहां जन सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था और सीएमएचओ कार्यालय संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के स्टाफ के लिए ट्रामा सेंटर के पास पृथक से पार्किंग व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया, ताकि अस्पताल आने वाले लोगों को परेशानी न हो। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने अस्पताल की भोजनशाला का भी निरीक्षण किया और जर्जर पाए जाने पर उसे डिसमेंटल कराए जाने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए।

### पंडित गणेश त्रिवेदी वर्षों से कराते हैं निशुल्क दर्पण

# ताप्ती तट जहां दर्पण से मिलता है पितरों को मोक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

पूरब से पश्चिम की ओर बहने वाली देश की सबसे लंबी नदियों में से एक ताप्ती नदी का अपना धार्मिक एवं पौराणिक महत्व रहा है। ताप्ती को आदि गंगा भी कहा जाता है पुराणों में ताप्ती तट पर जप तप एवं पितरों के तर्पण का विशेष महत्व है यही कारण है कि पितृपक्ष के महीने में दूर-दूर से लोग ताप्ती तट पर आकर अपने पितरों का तर्पण करते हैं और मान्यता अनुसार अपने पितरों को मोक्ष दिलाते है। पितृपक्ष पर तर्पण के लिए ताप्ती तट पहुंचने वालों को पंडित गणेश त्रिवेदी वर्षों से निशुल्क तर्पण कराते हैं।

निशुल्क तर्पण का प्रारंभ गणेश त्रिवेदी के पिता दुर्गा शंकर त्रिवेदी ने लगभग 35 वर्ष पूर्व किया था जिसके बाद उनके पुत्र गणेश त्रिवेदी यह विधि एवं परंपरा को को आगे बढ़ा रहे हैं। ताप्ती की तरह ही ताप्ती जल में भी अनेक गुण पाए जाते हैं, जो किसी अन्य नदियों में नहीं पाए जाते ताप्ती जल मे बाल और हड्डियां तक गल जाती है। इसके वैज्ञानिक कारण हो सकते हैं किंतु लोग इसे ताप्ती की महिमा के रूप में देखते हैं। पितृपक्ष मास में सूरज की पहली किरण के साथ ही सैकड़ो की संख्या में ताप्ती तट



पर तर्पण करते लोग और पंडितों द्वारा मंत्र जाप की ध्वनि एक अलग ही मनोहारी धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण निर्मित कर देती है। पंडित गणेश त्रिवेदी बताते हैं कि सूर्यपुत्री आदि गंगा मां ताप्ती तट पर तर्पण एवं पिंडदान का अपना धार्मिक महत्व है। पुराणों में आता है कि ताप्ती तट पर अनेक ऋषि मुनि एवं देवी देवताओं ने भी अपने पितरों का तर्पण पिंडदान कर मोक्ष प्रदान कराया है। हम लगभग 35 वर्षों से ताप्ती तट पर निशुल्क तर्पण की विधि कराते हैं मुझसे पहले मेरे पिता पंडित दुर्गा शंकर त्रिवेदी ने यह परंपरा प्रारंभ की थी। पितृपक्ष मास में ताप्ती तट पर देश के लिए शहीद होने वाले जवानों, मित्रों, शत्रु सहित पशु ,पक्षी, गाय आदि के लिए भी तर्पण करते हैं। ताकि पित्र तृप्त होकर मोक्ष प्राप्त कर सके और हमें सुख समृद्धि का आशीष दे। पंडित त्रिवेदी कहते हैं कि मां ताप्ती के इस पावन तट पर प्रतिवर्ष लगभग हजारों लाखों लोग यहां पहुंचते हैं भक्त लोग पहुंचकर अपने माता, पिता ,दादा परदादा सब का नियमित रूप से यहां पर तर्पण करते हैं और पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। भक्तगण अपने माता-पिता और जितने भी पूर्वज जिनका देहांत हो गया है उनका ताप्ती जल से नियमित तर्पण कर मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

### तर्पण समिति कराकती है निशुल्क तर्पण सामग्री उपलब्ध

प्रतिवर्ष पितृपक्ष मास में बड़ी संख्या में लोग भोपाल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा एवं जिले के ग्रामीण अंचलों से अपने पितरों के तर्पण के लिए ताप्ती तट पहुंचते हैं। यहां न सिर्फ निशुल्क तर्पण कराया जाता है बल्कि ताप्ती तर्पण समिति यहां आने वालों को तर्पण सामग्री तिल, जौ, चावल, फूल, दूध कुशा आदि भी निशुल्क उपलब्ध कराती है। पंडित गणेश त्रिवेदी कहते हैं कि जजमान को ताप्ती तट मात्र एक तांबे का लोटा लेकर पहुंचना होता है । इस समिति से जुड़े लोगों में रितेश परिहार, विजय शुक्ला, महेश खत्री, हरीश पटेल, रमेश चंद पांडे, ओमप्रकाश मिश्रा ,नीरज अग्रवाल ,राधेश्याम अग्रवाल प्रमुख है। इसके अलावा तर्पण हेतु बाहर से आने वाले लोगों को सामग्री उपलब्ध कराना कुश की अंगूठियां को बनाकर ताप्ती तर्पण करने वालों को उपलब्ध कराने की सेवा सपन बंगाली ,अरुण पंडाग्रे ,कृष्ण राव गोलू पाटेकर आदि लोग देते हैं।

### हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा: विश्वास की परंपरा

# गरबा नृत्य की रिहर्सल जारी, 26 सितंबर से 3 दिवसीय परिवारिक गरबा में थिरकेगा इटारसी

**हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबे का अयोजन 26 सितंबर से होने जा रहा है। यह आयोजन तीन दिवसीय होगा। जिसकी तैयारी जोरों पर जारी है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

हरिभूमि समूह द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा का इटारसी के गरबा प्रेमियों और नागरिकों को बेसब्री से इंतजार है। हर दिन सैकड़ो की संख्या में गरबा प्रेमी और नागरिक हरिभूमि कार्यालय पहुंचकर आयोजन की जानकारी ले रहे है। सोशल मीडिया पर भी आयोजन को लेकर प्रशसंकों की एकतरफा झड़ी लगी हुई है।

वहीं एंट्री पास प्राप्त करने के लिए भी बड़ी संख्या में लोगो के बीच उत्सुकता बनी हुई है। नवरात्रि में देवी की आराधना का स्वरूप गरबा नृत्य के लिए गरबा ग्रुपों की रिहर्सल अंतिम दौर में है। युवतियां हरिभूमि गरबा में शामिल होने के लिए विशेष नृत्य सीख रही है वहीं रंगबिरंगी आकर्षक पोशाक भी बुक कर रही है। इवेंट ऑर्गनाइजर भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि हरिभूमि गरबा के एंट्री पास 21 सितंबर रविवार से हरिभूमि कार्यालय से मिलना प्रारंभ हो जायेंगे। इस वर्ष का आयोजन पूर्णतः प्रीमियम है, आयोजन में निःशुल्क एंट्री नही दी जाएगी।

### लोगों में उत्साह है अनोखा



हरिभूमि समूह द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव पारिवारिक एवं पारिवारिक माहौल का गरबा आयोजन है। पिछले तीन वर्षो से लगातार हम इस आयोजन के साक्षी बने है, आयोजन में नागरिकों और गरबा प्रेमियों का उत्साह देखते ही बनता है। इस वर्ष के आयोजन के लिए हमारी ओर से हरिभूमि समाचार पत्र को बधाई एवं शुभकामनाएं देते है।

**डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक नर्मदापुरम इटारसी**

### सबसे लोकप्रिय है आयोजन



हरिभूमि गरबा की विशेषता यह है कि इटारसी के नागरिकों के बीच में यह सबसे अधिक प्रसिद्ध है। साथ ही आयोजन का पारंपरिक और पारिवारिक माहौल इसे उत्कृष्टता प्रदान करते है। आयोजक समूह हरिभूमि को हमारी ओर से अग्रिम शुभकामनाएं एवं सनातन धर्मियों को शारदीय नवरात्रि की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं।

**प्रीति शुक्ला, जिलाध्यक्ष भाजपा**

### पारंपरिक गरबा का असली रंग

हरिभूमि का यह गरबा उन लोगों के लिए है जो गरबा की पारंपरिकता और सात्विक माहौल को पसंद करते हैं। यहां आधुनिक धुनों के साथ पारंपरिक गुजराती गीतों का भी मिश्रण होता है, जो हर उम्र के लोगों को अपनी ओर खींचता है। यह आयोजन एक ऐसा मंच है जहां बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी मिलकर डांडिया और गरबा की धुन पर थिरकते हैं।

### यह आयोजन 26, 27 और 28 सितंबर को प्रिंस पैराडाइज गार्डन एंड रिसॉर्ट खेड़ा इटारसी में होने जा रहा है।

### लोगों का बढ़ता विश्वास

पिछले तीन सालों में, हरिभूमि फैमिली गरबा ने लोगों का दिल जीता है। इस आयोजन में हर साल प्रतिभागियों और दर्शकों की संख्या बढ़ती जा रही है। 'परिवार के लिए, परिवार के साथ' - यह मंत्र इस आयोजन की सफलता का मूल है।

### गरबे की अपनी है पहचान



इटारसी में हरिभूमि समाचार पत्र समूह गरबा अपनी विशेष पहचान रखता है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हम इस आयोजन के सहयोगी रहे है। आयोजक समूह को हमारी ओर से इस वर्ष आयोजन के लिए शुभकामनाएं एवं समस्त क्षेत्रवासियों को नवरात्रि उत्सव की अग्रिम बधाई। आप सभी के ऊपर मां दुर्गा कृपा बनाए रखे।

**दर्शन सिंह चौधरी, होशंगाबाद नरसिंहपुर सांसद**


### गरबे के लिए शुभकामनाएं



हरिभूमि समूह को फैमिली गरबा आयोजन की शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। पूर्व संसदीय कार्यकाल के दौरान यह आयोजन मेरे ही क्षेत्र में होता है, वहां के नागरिकों में हरिभूमि गरबा के लिए उत्साह की खबरे देखने सुनने को मिलती रहती है। सभी प्रदेशवासियों और नर्मदापुरमवासियों को नवरात्रि उत्सव की अग्रिम शुभकामनाएं।

**रावउदय प्रताप सिंह, मंत्री मप्र शासन**

### सुरक्षित माहौल में देवी की आराधना करने का मिलता अवसर



हरिभूमि गरबा की पहचान सिर्फ इटारसी तक सीमित नहीं है, पूरे नर्मदापुरम शहर और संपूर्ण नर्मदांचल के गरबा प्रेमी इस आयोजन से परिचित है। आयोजक हरिभूमि समूह गुजरात की ही तर्ज पर पारंपरिक गरबा करवाते है जिसमें माताएं बहनें सुरक्षित माहौल में देवी की आराधना स्वरूप गरबा नृत्य करती है। मेरी ओर से आयोजक समूह को अग्रिम शुभकामनाएं।

**पीयूष शर्मा, अध्यक्ष मप्र तैराकी संघ एवं वरिष्ठ भाजपा नेता**

### नृत्य से भक्ति की शक्ति का प्रताप देखा जा सकता है



पवित्र पावन नवरात्रि में मां दुर्गा की आराधना और प्रार्थना का एक साधन गरबा नृत्य भी है। जिसमे भक्ति भजनों में झूमकर देवी को प्रसन्न किया जाता है। गरबा नृत्य के जरिए भक्ति की शक्ति का प्रताप देखा जा सकता है। हरिभूमि गरबा आयोजकों को हमारी ओर से शुभकामनाएं। महिलाओं को शक्ति के इस पर्व में गरबा के दौरान सम्मानजनक वस्त्र पहनना चाहिए।

**प्रमोद पगारे, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी**

### एंट्री पास के बिना नो एंट्री

इस विशेष योजन में प्रवेश प्रीमियम एंट्री पास के माध्यम से ही मिलेगा। दर्शकों और प्रतिभागियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए, बिना एंट्री पास के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए हरिभूमि कार्यालय पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं।

### सुरक्षा और सुविधा पर विशेष ध्यान

आयोजन स्थल, प्रिंस पैराडाइज गार्डन एंड रिसॉर्ट, शहर के सबसे सुंदर और पसंदीदा स्थलों में से एक है। चारों तरफ से कवर्ड कैंपस, सीसीटीवी कैमरों से लैस परिसर, मेल- फीमेल बाउंसर, आयोजन वोलंटियर्स एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी पूरे आयोजन को सर्वाधिक सुरक्षित बनाती है। शहर के अन्य कोई गरबा आयोजन में परिवारों की सुरक्षा पर इतना ध्यान नहीं रखा जाता।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने पचमढ़ी में किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी प्रवास के दौरान कृषि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पचमढ़ी आर्मी कमांडेंट तमोजीत विश्वास के साथ पौधारोपण किया मंत्री सिंह के साथ आईएएस अनीशा श्रीवास्तव की नजर आई। इस दौरान शिवराज सिंह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से तस्वीरें शेयर करते हुए बताया,प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज पचमढ़ी स्थित रविशंकर भवन परिसर में पौधा रोपा। अप्रतिम प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध क्वीन ऑफ सतपुड़ा की हरियाली और सुंदरता मन को मोह लेती है। प्रकृति का यह उपहार सदैव अक्षुण्ण रहे, इसके लिए पौधरोपण जरूरी है। आप भी पौधे अवश्य लगाइए।

## महाविद्यालय में हुआ काव्य पाठ व संगोष्ठी का आयोजन




**पचमढ़ी।** राजा भभूत सिंह महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हिंदी दिवस पखवाड़े के अंतर्गत आज₹ हिंदीः राष्ट्रीय एकता एवं वैश्विक पहचान₹ विषय पर संगोष्ठी एवं कविता पाठ का आयोजन महाविद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस शेखर द्वारा हिंदी राष्ट्रीय एकता एवं वैश्विक पहचान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अनुज डोनीवाल द्वारा हिंदी के संवैधानिक स्थिति एवं हिंदी के विकास हेतु शासन द्वारा किए जा रहे प्रयास पर अपनी बात कही । दीपाली, गरिमा टिकार,कनुश्री के द्वारा ₹भारत की पहचान हिंदी₹ जैसे विभिन्न कविताओं के माध्यम से समर बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन रासेयों कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रफुल्ल कुमार टेंभरेकर द्वारा किया गया।कार्यक्रम में डॉ शाफिया जहरा भारती ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी , महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

## कल से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रदेश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा में प्रदेश में अनेक गतिविधियाँ आयोजित किये जाने के संबंध में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित कर सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीसी के पश्चात कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में सेवा पखवाड़ा के तहत गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को सेवा पखवाड़ा के साथ ही राष्ट्रीय पोषण माह एवं स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का भी शुभारंभ होगा। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास और पंचायत एवं ग्रामीण विकास सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित स्वच्छता कार्यक्रमों से जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह प्रयास करें कि इन अभियानों के तहत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में जिला अव्वल स्थान पर रहे। अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ₹सेवा पखवाड़ा अभियान₹ के तहत जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में गतिविधियां संचालित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक जिले के निर्धारित स्वास्थ्य केन्द्रो पर क्रमानुसार रक्तदान शिविरों एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाए। सभी नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएं और नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में एक पेड़ मां के नाम और एक बगिया मां के नाम अभियानों के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सभी नगरीय निकायों एवं बड़ी ग्राम पंचायतो में नमो पार्क, नमो वन, नमो उपवन विकसित किए जाएं।

## पूर्व विधायक ने पत्र लिखकर की रेलवे ब्रिज पूर्ण कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



विधानसभा क्षेत्र के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं विधायक हरिशंकर जायसवाल ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी को पत्र के माध्यम से अवगत करायाहै कि रेलवे स्टेशन पर पैदलपुल का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिनकछुआ गति से चल रहे काम को नव रात्रि में ही पूर्ण करने हेतु प्रथम पत्र लिखा है। पत्रमे उन्होंने कहाहै कि संसद के सहयोग से निर्माण कार्य अंतिम चरणमे है। लेकिन नवदुर्गा समीप के कारण जनता को किसी तरह से परेशानीना हो इस के लिए नवरात्रि में आवागमन प्रारंभ कराया जावे जिससे क्षेत्र की जनता को काफी राहत मिलेगी। रेलवे विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर कार्यशीघ्र पूर्ण करवाने की बात कही गई है। इस विषय मेंसासद से चर्चा की तो उन्होंने बताया पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल केदारा पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। अतः शासन से चर्चा करते हुए नव दुर्गा उत्सव तक प्रारंभ करने का प्रयास किया जा रहा है।

## कांग्रेस ने 19 सितंबर की किसान खेत न्याय यात्रा के लिए की तैयारियों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




19 सितंबर को होने वाली 'किसान खेत न्याय यात्रा' और तुलसी चौक पर आयोजित होने वाली आम सभा की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस और नगर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। यह यात्रा किसानों की समस्याओं को उजागर करने और उनके प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए निकाली जा रही है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे और नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान, सभी ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, मंच सज्जा और भीड़ प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित प्रमुख कांग्रेस नेताओं में ओम सेन, नंदू वर्मा, धर्मेंद्र मालवीय, अजय मिश्रा टप्पू, जिला कांग्रेस प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी अनिल रैकवार, अनूप गांचले, प्रतीक मालवीय, सोम दुबे, गोल्डी बेस, विक्की तिवारी, संतोष बामने और राहुल वर्मा शामिल थे। प्रवक्ता अनिल रैकवार ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस कार्यक्रम को सफल बनाने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जुटाएं।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पचमढ़ी के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी राजा भभूत सिंह शास. महाविद्यालय पचमढ़ी के बैडमिंटन दल ने सोमवार को शास. गृह विज्ञान अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता की और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। दल प्रबंधक क्रीड़ा अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश पटेल ने बताया, प्रतियोगिता में एकल एवं युगल दोनों स्तर पर खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। जिसमें नीति यादव, द्वितीय वर्ष का संभाग स्तरीय महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन सुनिश्चित हो गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस. शेखर एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने चयनित खिलाड़ी को को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की ।

## हिंदी दिवस पर सर्वोदय विद्यापीठ स्कूल ने किया पत्रिका का विमोचन

**पिपरिया।** सर्वोदय विद्यापीठ हायरसेकेंडरी स्कूल केमंच पर राष्ट्रीयहिंदी दिवस पर स्कूल के संचालक आनंद प्रकाश शर्मा केद्वारा अपनी हस्तलिखित पत्रिका पुस्तक का विमोचन किया गया।इस दौरान सर्वोदय विद्यापीठके प्राचार्य, प्रधान आचार्य, शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं की शानदार उपस्थिति में हिंदी साहित्यपरिषद के कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आनंद प्रकाश शर्मा केदारा अभी तक 36पुसतक लीगी जा चुकी है।37वी पुस्तक का विमोचन किया गया हिंदी दिवस पर ।नव प्रकाशित कृति मेरी मासूम मोहब्बत नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। तथा प्रतिया भेंट की गई काव्य गोष्ठि काभी आयोजन किया गया। मुकेश पुरोहित ने अपनी प्रस्तुति दी मंच पर जिस तालियां खूब बटोरी। संचालक वेद प्रकाश व्यास ने किया साहित्य कर मंच के अध्यक्ष अंजू जाटव ने प्रेमपर कविता सुनाई आनंद प्रकाश शर्मा ने कहा कि हिंदी हमारा अभिमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्म दिन पर शुभकामनाएं बधाई दी तथा कहा मोदी साहब अभी संकट टला नहीं है।देश का अंतिम जयचंद अभी जिंदा है।

### पड़ोसियों ने विवाद छोड़ नेशनल लोक अदालत में एक दूसरे को लगाया गले

# 5221 प्रकरणों का निराकरण किया गया और 11 करोड़ 25 लाख की जमा हुई समझौता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले में जिला एवं तहसील स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने किया। लोक अदालत में 5221 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं समझौता राशि 11 करोड़ 25 लाख 79 हजार 156 रूपये जमा हुई।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य ने कहा कि लोक अदालत से पक्षकारों के साथ अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों को भी परम शांति की अनुभूति होती है क्योंकि इससे एक प्रकरण नहीं बल्कि एक विवाद हमेशा के लिए निराकृत हो जाता है एवं पक्षकारों के बीच आपसी स्नेहपूर्ण सम्बध स्थापित होते है। यही लोक अदालत की सबसे सुंदर बात है। उन्होंने कहा कि हमें हर योजना को उसके मूर्त रूप में लागू कर आमजन को लाभान्वित करना चाहिए। आमजन को सस्ता सरल और सुलभ न्याय दिलाने का लोक अदालत एक प्रभावी स्थान है, जो वर्तमान समय में समाज के लिए सबसे ज्यादा आवश्यक है। उन्होंने न्यायालय परिसर में लगाए गए बैंक, नगर पालिका, विद्युत मंडल आदि के स्टॉलों का निरीक्षण भी किया और लोक अदालत में आए नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधितों निराकरण के निर्देश दिए।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने घरेलू हिंसा के विषय में तैयार बैनर का अनावरण भी किया गया। उन्होंने 40 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके न्यायाधीशगण दीपेन्द्र मालू, उजाला शुक्ला एवं आकांक्षा कुमार उचाडिया को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

## साइकिल पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे, शासकीय स्कूल चीच में हुआ साइकिल वितरण कार्यक्रम



**भैरूंदा।** शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चीच में शनिवार को 45 छात्र-छात्राओं को निः शुल्क साईकिल वितरित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन लाल चेयरमैन, ग्राम पंचायत सरपंच संदीप पंवार ,शिक्षक संघ, शाला प्राचार्य नारायण पंवार , पीटीआई राकेश पंवार (रक्का) सहित ग्रामवासी, शिक्षक ,शिक्षिका की उपस्थित में कक्षा 6 के 16, कक्षा 9 के 29 कुल सभी 45 विद्यार्थियों को साईकिल वितरण की। इस दौरान साईकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन लाल चेयरमैन ने सभी को नई साइकिल की बधाई देते हुएं मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। साइकिल मिलने से आवागमन में समय की बचत होगी। इस दौरान छात्र-छात्राओं के पालक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

## खबर संक्षेप



### आकाशीय बिजली गिरने से मजदूर की मौत

**खंडवा।** सोमवार शाम को आकाशीय बिजली गिरने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। 55 वर्षीय मांगीलाल पटेल मवेशी चराने जंगल गए थे। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे वे चपेट में आ गए। घटना शाम 4 बजे की बताई जा रही है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने मांगीलाल को अचेत अवस्था में पाया और उनकी मदद से परिवार के सदस्य उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मांगीलाल पटेल बड़गांव पिपलोद यानी ऐड़ा गांव के निवासी थे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटी है। परिवार में खेती नहीं होने के कारण मांगीलाल मवेशी चराकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। खबर सुनते ही पत्नी और बेटी बुरी तरह से रोने लगीं। परिवार अगले वर्ष बेटी का विवाह तय करने की तैयारी कर रहा था। मआकस्मिक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीण प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

### दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में 60 हजार के अतिरिक्त 10 दिन एक हजार रुपए भी।

### पंधाना विधायक छाया मोरे तिरुपति में कार्यक्रम में शामिल हुईं, महिला सशक्तीकरण पर विशेष विचार साझा किए

# मुझे गर्व है, मैं पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने हेतु आयोजित विधायी राष्ट्रीय सम्मेलन में पंधाना विधायक छाया मोरे ने अपने विचार प्रस्तुत कर महिलाओं के अधिकार एवं समाज में उनके सशक्तीकरण पर गहन रूप से प्रकाश डाला।

दूसरे दिन भी तिरुपति में संसदीय एवं विधायी समितियों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन में छाया मोरे ने अपना उद्बोधन दिया । मंच पर आते ही विधायक छाया मोरे ने सभी गणमान्य अतिथियों का अभिवादन किया। उन्होंने महिला सशक्तीकरण पर अपने मंथन और अनुभव साझा करते हुए कहा में मध्य प्रदेश के पंधाना आदिवासी क्षेत्र से प्रथम बार विधायक बनी हूं और मुझे गर्व हे कि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं तैयार की गई हैं, जो उन्हें सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में सशक्त बनाने का अवसर प्रदान कर रही हैं। छाया मोरे ने विशेष रूप से यह उल्लेख किया कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की प्रगति में योगदान दे रही हैं। चाहे वह नौकरी हो, व्यवसाय का क्षेत्र हो या फिर देश की रक्षा करने वाले बलों में शामिल होकर सीमा पर देश की रक्षा कर रही हों झ्र महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, ₹महिलाओं को समान अवसर मिलना चाहिए ताकि वे समाज की सकारात्मक शक्ति बनकर उभरें। हमें यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं की प्रतिभा को हर क्षेत्र में समान मान्यता और अवसर प्राप्त हो। विधायक छाया मोरे ने सम्मेलन में महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने हेतु प्रभावी नीतियों और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक में दिए निर्देश

# सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का निराकरण कर अपनी ग्रेड और रैंक सुधारें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सी.एम. हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करें। सभी अधिकारी अपने विभाग के आवेदनों का समय सीमा में निराकरण कर अपने कार्यालय की ग्रेड और प्रदेश स्तर पर अपनी रैंक सुधारें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, पुनासा के एसडीएम शिवम प्रजापति, सहायक कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्ण सुशिर के अलावा अपर कलेक्टर के.आर. बडोले तथा अरविंद चौहान भी मौजूद थे। कलेक्टर गुप्ता ने बैठक में कहा कि बार-बार के निर्देशों के बावजूद जिन अधिकारियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन के मामलों में रुचि न लेने के कारण ग्रेड में सुधार नहीं आएगा, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा जिले के विकास के लिए पिछले दिनों की गई घोषणाओं के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर गुप्ता ने बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में जलकर वसूली बढ़ाने के निर्देश भी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की सभी पेयजल योजनाओं के संचालन और संधारण के लिए जलकर वसूली अति आवश्यक है।

#### महिला स्वसहायता समूहों को हैप्पी सीडर और सुपर सीडर दिलवाएं

कलेक्टर गुप्ता ने उपसंचालक कृषि को निर्देश दिए कि खेतों में नरवाई ना जलाने के लिए किसानों को जागरूक और प्रेरित करें। उन्होंने ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक से कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों को हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे यंत्र दिलाकर इसका प्रशिक्षण भी दिलाएं, ताकि वे अपने आसपास के गांव के किसानों के खेतों में इनका संचालन कर अपनी आय बढ़ा सकें, और नरवाई जलने की घटनाओं में भी कमी आ सके।

#### इस माह के अंत तक नदी नालों पर बोरी बंधान संरचनाएं बनवाएं

कलेक्टर गुप्ता ने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि ह्लएक बगिया मां के नामह्व कार्यक्रम के तहत अपने-अपने क्षेत्र की पंचायतों में पौधारोपण के कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने सभी जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक अपने-अपने क्षेत्र की पंचायतों में बहने वाले नदी नालों पर बोरी बंधान के लिए अभी से कार्यवाही शुरू कर दें, ताकि बरसात के बाद नदी नालों का पानी व्यर्थ बहकर न जाए। उन्होंने कहा कि नदी नालों पर जहां बोरी बंधान संरचनाएं बनवानी हैं, उन्हें अभी से चिन्हित कर लें तथा बोरियों की व्यवस्था भी कर लें।

#### अधिकारी कर्मचारी आईगॉट कर्मयोगी एप के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण लें

कलेक्टर गुप्ता ने सभी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने कार्यालय भवनों तथा अधिकारी कर्मचारियों के निवासों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगवाएं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करें तथा कलेक्ट्रेट एवं अन्य वरिष्ठ कार्यालयों को सभी फाइलें ई-ऑफिस सिस्टम के माध्यम से ही भेजें। कलेक्टर गुप्ता ने सभी अधिकारियों से कहा कि ह्लआईगॉट कर्मयोगी पर सीखें सप्ताहह्व 15 से 19 सितंबर के बीच आयोजित किया जा रहा है। सभी अधिकारी कर्मचारी कर्मयोगी एप के माध्यम से उपयोगी ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर लें तथा इस संबंध में ऑनलाइन सर्टिफिकेट डाउनलोड कर प्रस्तुत करें।

# सुरक्षा मांगने थाने पहुंचे प्रेमी युगल ने खा लिया जहर, युवती की उपचार के दौरान मौत




**सीहोर।** जिले के आष्टा ब्लॉक के सिद्दीकगंज थाना शनिवार रात को अचानक सुर्खियों में आ गया। यहां सुरक्षा की मांग लेकर पहुंचे एक प्रेमी युगल ने कुछ ही देर बाद थाने परिसर में जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार युवक ने अपना नाम देवेंद्र जोशी (22 वर्ष) निवासी नीलबड़, आष्टा बताया, जबकि युवती ने खुद को वंशिका ठाकुर (18 वर्ष) निवासी तिरला, जिला धार बताया। दोनों ने दावा किया कि वे बालिग हैं और सहमति से विवाह कर चुके हैं। साथ ही थाने में सुरक्षा की मांग भी की। पुलिस ने जब तिरला थाने से संपर्क किया तो पता चला कि युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। परिजनों को सूचना दी गई। इसी बीच युवती थाने के पीछे बने बाथरूम से लौटी और कुछ ही देर बाद अचानक उल्टियां करने लगी। यह देखकर युवक ने भी जहर खा लिया।

**हालत बिगड़ी तो पुलिस के हाथ-पांव फूले :** दोनों की हालत बिगड़ते ही पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। तत्काल दोनों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए आष्टा सिविल अस्पताल रेफर किया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को सीहोर और फिर भोपाल रेफर कर दिया गया। भोपाल में उपचार के दौरान युवति की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओपी आकाश अमलकर, नायब तहसीलदार मुकेश सांवले और आष्टा टीआई गिरीश दुबे अस्पताल पहुंचे और पूरी जानकारी ली।

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल :** थाने जैसी सुरक्षित जगह पर प्रेमी युगल द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आखिर दोनों को पर्याप्त निगरानी और सुरक्षा क्यों नहीं मिली? क्या पुलिस सतर्कता बरतने में विफल रही? यह मामला अब जांच का विषय बन गया है। सूत्रों के अनुसार युवक नौकरी करता है और दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। घरवालों की आपत्तियों से बचने और सुरक्षा के लिए वे थाने पहुंचे थे, लेकिन वहां घटी घटना ने पूरे मामले को संवेदनशील बना दिया।

**जांच की उम्मीद :** एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि दोनों के बयान दर्ज किए गए हैं। युवती के परिजन पहले से गुमशुदगी दर्ज करा चुके थे। दोनों का इलाज भोपाल में चल रहा है।

## हाउसिंग बोर्ड स्थित ओवर ब्रिज पर दोनों तरफ हो सर्विस रोड का निर्माण

**सीहोर।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयाज जारी कर विरोध प्रकट किया है कि हाउसिंगबोर्ड स्थित जो ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है वह नागरिकों के आवगवन के मापदण्डों के हिसाब से उचित नही है, क्योंकि इस पुराने हाईवे से प्रतिदिन स्कूल और कॉलेज के हजारों विद्यार्थी आते जाते हैं। हाउसिंह बोर्ड, कृष्णा नगर, नगर सुधार न्यास आदि कॉलोनीयो के लोगो का आना जाना इसी सर्विस रोड से रहेगा। इस रोड पर बहुत ज्यादा ट्रैफिक रहता है। यहाँ पर बन रहे ओवर ब्रिज की जब ड्राईंग हो रही थी तब ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों को यह समझ में नहीं आया कि हम जहां ब्रिज को उतारेंगे उसके सामने प्राइवेट भूमि आ जाएगी। प्राइवेट भूमि आने के कारण एक ही तरफ से सर्विस रोड दिया जा रहा है।

## कोतवाली चौराहे पर विद्युत मंडल का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन

**सीहोर।** रविवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देशानुसार नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर के नेतृत्व एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता नईम नवाब, ओम वर्मा की विशेष उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय कोतवाली चौराहे पर विद्युत मंडल का पुतला दहन कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया और गगन भेदी नारे लगाते हुए कहा कि भाजपा वोट लेती है और महीने में दो-दो बिजली के बिल देती हैं, जनता पर अत्याचार बंद करो-बंद करो बंद करो। विद्युत मण्डल की



तानाशाही नही चलेगी, नही चलेगा। इस अवसर पर विवेक राठौर ने कहा कि आये दिन नागरिकों शिकायते देखने को मिल रही है कि सीहोर जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का काम बीते कुछ महीनों से किया जा रहा है। जब से यह स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं तभी से उपभोक्ताओं की शिकायत है कि यह स्मार्ट मीटर स्वतः ही बंद हो रहे हैं और बिजली गुल हो जाती है। महिनें में दो बार हो रही बिलिंग सहित अन्य तकनीकी गड़बडियों का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा है। स्मार्ट मीटर से परेशान उपभोक्तओं को बार-बार बिजली कपंनी के चक्कर लगाना पड़ रहे। उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कई दिन तक मीटर चालू नहीं किया जाता। भाजपा के राज में विद्युत विभाग द्वारा मानक रूप से खरे नही उतरने वाले स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को जबरिया लगाये जा रहे हैं और भारी भरकम बिजली के बिल उपभोक्ताओं को थोपे जा रहे हैं, वहीं जब चाहे तब बिजली कटौती की।

### ऐसे कार्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरुकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देते हैं

# विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शिक्षकों ने निजी व्यय से लगवाए पंखे, बच्चों ने एक स्वर में कहा थैंक्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शासकीय माध्यमिक शाला कोड़ियाछीतु ब्लॉक सीहोर के शिक्षकों ने अपने कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को गर्मी के कारण कक्षाओं में अध्ययन के दौरान पसीने और उमस के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बच्चे असुविधा महसूस कर रहे थे, जिससे उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता था।

इस परिस्थिति को देखते हुए विद्यालय के शिक्षक संजय सक्सेना, शैलेन्द्र सिंह ,देवेन्द्र चौहान,देवकरण मालवीय,माधुरी जोशी, फूलवती सेन,मंजू राठौर, शशिबाला नामदेव ने स्वयं आगे बढ़कर अपने निजी व्यय से प्रत्येक शिक्षक ने 1500 - 1500 रुपये एकत्र कर कक्षा पहली से आठवीं तक कक्षाओं में पंखे लगवाने का निर्णय लिया। यह पहल न केवल विद्यार्थियों की तात्कालिक समस्या का समाधान करती है बल्कि यह भी दर्शाती है कि शिक्षक केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास और सुविधा का भी पूरा ध्यान रखते हैं।






**विद्यालय परिवार और ग्रामवासियों की प्रतिक्रिया :** विद्यालय में पंखे लगाए जाने के बाद विद्यार्थी अब बेहतर और सुखद वातावरण में पढ़ाई कर पा रहे हैं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक बताया कि अब उन्हें गर्मी से राहत मिल रही है और वे पढ़ाई में अधिक ध्यान केंद्रित कर पा रहे हैं। सभी बच्चों में मिलकर अपने गुरुओं को एक साथ धन्यवाद दिया। ग्रामवासियों एवं अभिभावकों ने शिक्षकों के इस प्रयास का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देगा। उन्होंने शिक्षकों को सच्चे गुरु की संज्ञा देते हुए कहा कि ऐसे शिक्षक ही बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय सक्सेना ने बताया कि हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित ज्ञान देना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसा माहौल उपलब्ध कराना भी है जिसमें वे सहज और प्रेरणादायी वातावरण में पढ़ाई कर सकें। जब बच्चे आरामदायक माहौल में अध्ययन करते हैं तो उनकी सीखने की क्षमता और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि होती है। अन्य शिक्षकों ने भी कहा कि यह पहल बच्चों के हित में एक छोटा सा प्रयास है, जो भविष्य में बड़े बदलावों की नींव रख सकता है।

**अनुकरणीय पहल** शिक्षकों द्वारा किया गया यह कार्य केवल एक विद्यालय तक सीमित नहीं है बल्कि अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ संसाधनों की कमी के कारण अक्सर बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, वहाँ इस प्रकार की पहल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण साबित होती है। यदि शिक्षक और समाज मिलकर आगे आएँ तो किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान संभव है। सिद्धार्थ रघुवंशी ने कहा कि शासकीय माध्यमिक शाला कोड़ियाछीतु के शिक्षकों का यह सराहनीय योगदान विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम है। यह पहल न केवल विद्यालय बल्कि संपूर्ण समाज के लिए अनुकरणीय है।

# विश्व हिंदी दिवस पर किया गया कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पहले दिन लगातार 45 सालों से साहित्य के क्षेत्र में कवि के रूप में अपनी सेवा दे रहे पूर्व शिक्षक हरि ओम शर्मा दाऊ, उज्जैन के कवि रमेश कुमार, विदिशा के मनीष कुमावत, सागर के कवि साहित्कार लक्ष्मी वर्मा का सम्मान केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने किया।

इस मौके पर साहित्कार दाऊ ने कहा कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की ज़िम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। बल्कि इसके लिए हम सभी का सम्मिलित प्रयास आवश्यक है। बिना अपनी भाषा ज्ञान के पूर्ण अभिव्यक्ति नहीं हो सकती। अधिकाधिक कार्य हिन्दी में ही करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि ने वेट लिफ्टिर शिशिर शर्मा कृष्ण डेरी का सम्मान किया और कहाकि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए अधिक प्रयास करना और इसे अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में विकसित करने के लिए हर स्तर पर कदम उठाया जाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्र के संचालक श्री सिंह ने कहा कि राजा और गुरु के पास खाली हाथ नहीं जाते है, यह हमारे देश की परम्परा है कि गुरु का सम्मान किया जाना चाहिए। संस्कृत के बाद यदि भारतीय संस्कृति की पहचान किसी भाषा में सुरक्षित है, तो वह हिन्दी है।